Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan

# अध्याय – 13 | राजेश जोशी (बच्चे काम पर जा रहे है)

**QUIZ PART-01**

**1. कवि किस बात पर सवाल उठाना चाहता है?**
A. बच्चों की बेरोजगारी पर
B. बच्चों पर होने वाले अत्याचारों पर
C. बच्चों से श्रम करवाने पर
D. बच्चों की समस्याओं पर (C)

***व्याख्या :*** कवि राजेश जोशी समाज से यह प्रश्न करना चाहते हैं कि क्यों छोटे-छोटे बच्चे खेलने और पढ़ने की उम्र में काम पर जाने को मजबूर हैं।

**2. कवि मदरसों की इमारतों पर प्रश्न क्यों करता है?**
A. क्योंकि वह देशभर में मदरसे देखना चाहता है
B. क्योंकि वह मदरसों का पुनर्निर्माण चाहता है
C. क्योंकि वह बच्चों को मदरसों में दाखिल कराना चाहता है
D. क्योंकि वह बच्चों के लिए शिक्षा का प्रबंध करना चाहता है (D)

***व्याख्या :*** कवि शिक्षा की कमी को लेकर चिंतित है। वह चाहता है कि बच्चों को काम पर जाने के बजाय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिले।

**3. कवि को किस बात का गहरा दुख है?**
A. दुनिया वीरान हो गई है
B. खिलौने नष्ट हो गए हैं
C. बच्चों को काम करना पड़ रहा है
D. सड़कों पर बच्चे हैं (C)

***व्याख्या :*** कवि को इस बात का गहरा दुख है कि छोटे-छोटे बच्चों को बालपन में खेल और पढ़ाई के बजाय मजदूरी करनी पड़ रही है।

**4. कौन-सा दृश्य कवि को भयानक लगता है?**
A. किताबें नष्ट हो गई हों
B. गेंदें खो गई हों
C. मैदान और बाग-बगीचे न रहे हों
D. ये सब (D)

***व्याख्या :*** कवि कल्पना करता है कि यदि बच्चों की सारी चीज़ें — किताबें, गेंदें, खेल के मैदान आदि नष्ट हो जाएँ तो वह कितना भयानक दृश्य होगा।

**5. कवि दुनिया में किस चीज़ को बचा देखना चाहता है?**
A. बच्चों की खुशी
B. बच्चों का काम
C. बच्चों का बचपन
D. बच्चों का शोषण (C)

***व्याख्या :*** कवि चाहता है कि दुनिया में बच्चों का मासूम बचपन सुरक्षित रहे, न कि वह मजदूरी में खो जाए।

**6. कवि को "हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति" क्यों लगती है?**
A. क्योंकि बच्चे स्कूल नहीं जा रहे
B. क्योंकि बच्चे काम पर जा रहे हैं
C. क्योंकि बच्चे घर से भाग रहे हैं
D. क्योंकि बच्चे खेल नहीं रहे (B)

***व्याख्या :*** कवि कहता है कि "बच्चे काम पर जा रहे हैं" हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है, क्योंकि यह समाज की असंवेदनशीलता को दिखाती है।

**7. "कोहरे से ढँकी सड़क" किस स्थिति का प्रतीक है?**
A. ठंड के मौसम का
B. अंधकारमय जीवन का
C. बच्चों के उजले भविष्य का
D. नई सुबह का (B)

***व्याख्या :*** "कोहरे से ढँकी सड़क" बच्चों के जीवन में फैले अंधकार और अनिश्चितता का प्रतीक है।

**8. "हसबमामूल" शब्द का अर्थ क्या है?**
A. असामान्य रुप से
B. यथावत या सामान्य रुप से
C. अचानक
D. अस्थिर रुप से (B)

***व्याख्या :*** "हसबमामूल" का अर्थ है — जैसे पहले था, वैसा ही रहना। कवि कहता है कि सब कुछ सामान्य है, पर बच्चे फिर भी काम पर जा रहे हैं।

**9. कविता का केंद्रीय संदेश क्या है?**
A. शिक्षा का महत्व
B. बाल श्रम की भयावहता
C. समाज में असमानता
D. बाल अधिकारों की रक्षा (B)

***व्याख्या :*** कविता का मुख्य उद्देश्य बाल श्रम जैसी सामाजिक बुराई पर प्रहार करना और लोगों को इस अन्याय के प्रति जागरुक करना है।

**10. कविता में कवि ने किस भाव को प्रमुखता दी है?**
A. करुणा और व्यथा
B. उल्लास और प्रेम
C. रोष और प्रतिशोध
D. प्रशंसा और गर्व (A)

***व्याख्या :*** पूरी कविता करुणा और व्यथा से भरी है — कवि का हृदय उन बच्चों के प्रति संवेदना से भर जाता है जो अपने बचपन से वंचित हैं।